**एम.एच.डी.-2**

0608

# हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि ( एम.ए. हिन्दी )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2012

## एम.एच.डी.-2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

*समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** ***सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

---

निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** काव्यांशों की व्याख्या कीजिए

**12x3=36**

**1.** (क) जनता पर जादू चला राजे के समाज का ।
लोकनारियों के लिए रानियाँ आदर्श हुईं ।
धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ ।
लोहा बजा धर्म पर , सभ्यता के नाम पर ।
खून की नदी बही ।
आँख -कान मूँदकर जनता ने डुबकियाँ लीं ।
आँख खुली -राजे ने अपनी रखवाली की ।

(ख) और सचमुच, इन्हें जब -जब देखता हूँ
यह खुला वीरान संसृति का घना हो सिमट आता है -
और मैं एकांत होता हूँ समर्पित।
शब्द जादू हैं -
मगर क्या यह समर्पण कुछ नहीं हैं ?

(ग) जो तुम आ जाते एक बार!

छा जाता जीवन में वसन्त

लुट जाता चिर संचित चिराग

आँखे देती सर्वस्व वार ।

(घ) एक पीली शाम

पतझर का ज़रा अटका हुआ पत्ता

शांत

मेरी भावनाओं में तुम्हारा मुखकमल

कृश म्लान हारा -सा

(कि मैं हूँ वह

मौन दर्पण में तुम्हारे कहीं ?)

(च) पैदल को हम केवल तब इज्जत देंगे

जब देकर के बंदूक उसे भेजेंगे

या घायल से घायल अदले -बदलेंगे

पर कोई भूखा पैदल मत आने दो

मिट्टी से मिट्टी को मत मिल जाने दो

वरना दो सरकारों का जाने क्या हो

2. भारतेन्दु की कविता में राजभक्ति और देशभक्ति के द्वंद्व का विश्लेषण कीजिए । 16

**अथवा**

'भारत-भारती' काव्य की विशेषताएँ बताइए ।

3. जयशंकर प्रसाद की कविता में राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति पर प्रकाश डालिए । 16

**अथवा**

नागार्जुन की काव्य-कला का परिचय दीजिए ।

4. 'अँधरे में' कविता में अंधकार और प्रकाश के संघर्ष का रूपक कवि की किस मनोदशा को व्यक्त करता है? सोदाहरण बताइए। 16

**अथवा**

'धूमिल की कविता स्वातंत्र्योत्रर पीढ़ी के मोहभंग की अभिव्यक्ति है।' इस कथन की युक्तियुक्त परीक्षा कीजिए ।

5. किन्हीं ***दो पर*** टिप्पणी लिखिए : 8x2=16

(क) नागार्जुन की कविता ।

(ख) पंत और प्रकृति ।

(ग) 'राम की शक्ति पूजा' का वैशिष्ट्य ।

(घ) 'रामदास'।

---